# <u>वी.यू. के माननीय कुलपति द्वारा वेटनरी पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय भोपाल का निरीक्षण</u>

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल द्वारा वेटरनरी पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय भोपाल का निरीक्षण किया गया। डॉ.जुयाल ने सभी अधयापकों, कर्मचारियों एवं छात्रों से सीधा संवाद किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ.व्ही.पी. चंद्रपुरिया द्वारा निरक्षण कराया गया माननीय कुलपति ने इस अवसर पर माननीय कुलपति ने कहा कि प्रत्येक छात्र को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग आवश्यक रूप से दी जानी चाहिए इस हेतु इन्हें वेटरनरी अस्पताल भोपाल एवं आसपास के गांवो में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित करके ट्रेनिंग प्रदान की जानी चाहिए।

**<u>बस प्रदान की जाएगी</u>** :- छात्रों कि मांग पर माननीय कुलपति ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही एक छोटी बस प्रदान कि जाएगी जिससे छात्र गाँव गाँव जाकर प्रैक्टिकल टैनिंग प्राप्त कर सकेंगे एवं पशु उपचार में मदद करेंगे। डॉ.जुयाल ने बताया कि इस भवन का शीग्र रेनोवेशन किया जायेगा एवं छात्रों कि पढाई ऑडियो विज़ुअल एड के माध्यम से होगी।

**<u>नियमित प्राध्यपकों एवं कर्मचारियों की भर्ती के प्रयास</u>**

विश्वविद्यालय के जबलपुर , महू, रीवा, मुरैना एवं भोपाल के पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय में नियमित स्टॉफ की पदस्थापना हेतु कुलपति महोदय ने म.प्र. शासन को प्रस्ताव भेजा है जिसकी शीघ्र स्वीकृति कि संभावना है। नियमित भर्ती होने के बाद कार्यो में तेजी आयेगी। छात्रों द्वारा कुलपति जी का सम्मान किया गया।

डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी,
ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर